**खबर संक्षेप**

## जवाहर नगर में मन की बात का सामूहिक श्रवण

**जगदलपुर।** जवाहर नगर वार्ड में प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। वार्डवासियों और कार्यकतार्ओं की सहभागिता के साथ आयोजित कार्यक्रम में देश की उपलब्धियों और आने वाले वर्ष के संकल्पों पर केंद्रित विचार साझा किए गए। प्रसारण में 2025 को गौरव, एकता और आत्मविश्वास का वर्ष बताते हुए सुरक्षा, खेल, विज्ञान और अंतरिक्ष में भारत की प्रगति रेखांकित की गई। खेलों में ऐतिहासिक सफलताओं, विज्ञान-अंतरिक्ष में उपलब्धियों, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी प्रयासों और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की धुरी बताते हुए नवाचार आधारित पहलों, भारतीय भाषाओं-संस्कृति के संरक्षण और महिलाओं की आर्थिक सशक्तता के प्रयासों को प्रेरक बताया। स्वास्थ्य के प्रति सजगता, एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग और फिट इंडिया के संदेश के साथ 2026 के लिए नई ऊर्जा व नए संकल्पों का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने मन की बात को सकारात्मक सोच, राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताया। जनसंवाद की इस परंपरा को लोकतंत्र की जीवंत अभिव्यक्ति बताते हुए युवाओं को विकास की धारा से जोड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम में भाजपा पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष शशिनाथ पाठक, जिला संयोजक दिनेश के.जी., लक्ष्मी बिसोई, हेमलता सोनी, ममता सोनी, साईस्ता खान, ललिता कश्यप, सोनाली विश्वकर्मा, आर मंजूला,सुशीला कश्यप, रंजीत सिंह बिषेन, रामबती कश्यप, प्रवीण कुमार सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत का दुर्गूकोंदल में शानदार स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बसंत यादव का पहली बार दुर्गुकोंदल नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। विश्रामगृह चौक पर कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जोरदार नारेबाजी के साथ जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विश्रामगृह दुर्गुकोंदल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आने वाले चुनाव को ध्यान में रखकर सभी कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होना होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयास के बिना संगठन मजबूत नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी तभी जनता का विश्वास जीत सकती है, जब कार्यकर्ता जमीन स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं को उठाएं।

# प्रधानमंत्री के विचार राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा देते हैं : देव

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

रविवार को सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने भानपुरी मण्डल के अन्तर्गत ग्राम करन्दोला के बूथ क्रमांक 253 में ग्रामीण कार्यकतार्ओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात का श्रवण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देते हैं। मन की बात कार्यक्रम रोचक व ज्ञानवर्धक है, साथ ही देश की करोड़ों जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का माध्यम भी है। हम सभी प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करें।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बकावण्ड मण्डल के ग्राम गुमडेल में मन की बात सुना। वही शहरी क्षेत्र के वार्डों में बूथवार कार्यकर्ता आमजनों को जोड़कर मन की बात सुना। जिसके लिये भाजपा संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ में मन की बात कार्यक्रम हेतु प्रभारी व मुख्य अतिथि बनाये गये थे। पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने छत्रपति शिवाजी वार्ड में सुना।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में निर्देश दीवान, संतोष बघेल, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, आर्येन्द्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, रजनीश पाणिग्राही, आनंद मोहन मिश्रा, मनोहर तिवारी, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, संतोष बाजपेयी, विक्रम यादव, राजा यादव,अविनाश सिंह,सूर्य भूषण सिंह, ब्रिजेश शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्रामीणों का विरोध, पंचायत की त्वरित कार्रवाई

# श्मशान भूमि पर अवैध कब्जा पंचायत ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर






शहर के समीप स्थित आड़ावाल में श्मशान की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। गोरिया बहार नाले के पास स्थित मुक्ति धाम की भूमि पर फेंसिंग तोड़कर खेती करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कब्जा हटाने की मांग की। सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत के लोग मौके पर पहुंचे और जेसीबी से कब्जा हटाया गया। ग्रामीणों के अनुसार मुक्ति धाम की भूमि का पूर्व में तहसील स्तर पर सीमांकन हो चुका है, जिसमें कुल 1 एकड़ 32 डिसमिल भूमि श्मशान के लिए चिन्हित है। पंचायत का कहना है कि सीमांकन के बाद फेंसिंग कराई गई थी जिसे हटाकर खेती का प्रयास किया गया। पंचायत ने स्पष्ट किया कि यदि संबंधित पक्ष वैध दस्तावेज प्रस्तुत करता है तो नियमानुसार निर्णय होगा, अन्यथा भूमि पर पौधारोपण व चबूतरे का निर्माण कर अंतिम संस्कार के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

घटनास्थल पर ग्राम पंचायत आड़ावाल की सरपंच जयंती कश्यप, उपसरपंच दिनेश जना, राजेश शर्मा, विजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### सफाई में जुटे गांव के युवा

उपसरपंच की अगुवाई में श्मशान घाट के सुधार के लिए आड़ावाल पंचायत के ओरना कैप के युवा जुट गए है। जो प्रत्येक रविवार को साफ सफाई का काम कर रहे है। उपसरपंच ने कहा कि मरघट की जमीन पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों को मरघट की जमीन छोड़ना पड़ेगा।

# भाषा जीवित रहेगी तभी समाज सुरक्षित रहेगा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बंगीय समाज भवन में निखिल भारत समन्वय समिति का प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें संगठन की राष्ट्रीय, संभागीय और जिला स्तर की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन का उद्देश्य संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक पहचान की रक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय को मजबूत करना रहा।

- बंगीय समाज का प्रतिनिधि सम्मेलन सम्पन्न

सम्मेलन में बताया गया कि निखिल भारत समन्वय समिति वर्तमान में देश के 18 राज्यों में सक्रिय है और सामाजिक, सांस्कृतिक व संगठनात्मक क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न राज्यों में प्राप्त उपलब्धियों और अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिनिधियों ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में मातृभाषा बांग्ला के संरक्षण को समाज के अस्तित्व से जोड़ते हुए कहा कि भाषा जीवित रहेगी तभी समाज सुरक्षित रहेगा। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में बंगालियों के योगदान का उल्लेख करते हुए संगठनात्मक एकता को समय की आवश्यकता बताया।

हालिया घटनाओं का संदर्भ देते हुए उन्होंने समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता पर भी विचार रखे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता निहार रंजन कर ने की। मुख्य अतिथि निखिल भारत समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध विश्वास रहे। इस अवसर पर सुबीर नंदी, सुधीर मंडल, सुब्रत विश्वास, जीवानंद हालदार और श्याम घोष ने भी विचार व्यक्त किए।


### संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा

सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक विस्तार की घोषणा की गई। इसके अंतर्गत संभाग अध्यक्ष के रूप में जीवानंद हालदार, महासचिव श्याम घोष तथा जिला अध्यक्ष का जगदीश मंडल को दायित्व सौंपे गए।

**80 वर्ष में दीक्षा अंगीकार कर संयम और साधना का मार्ग अपनाया**

# देवलोकगमन के पश्चात गुणानुवाद सभा

**जगदलपुर।** जैन संत मुनि प्रशांत सागर के देवलोकगमन के पश्चात नगर में गुणानुवाद सभा आयोजित की गई। सभा में समाज, संस्कृति, शिक्षा, व्यापार और जनसेवा से जुड़े प्रबुद्धजनों ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व, विचारशील नेतृत्व और समर्पित जीवन पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि जगदलपुर उनकी सांसारिक कर्मभूमि रही, जहां उन्होंने दशकों तक सामाजिक संस्थाओं को दिशा देने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों की नींव रखी। लगभग साठ वर्षों के सक्रिय सामाजिक जीवन के उपरांत उन्होंने 80 वर्ष की आयु में दीक्षा अंगीकार कर संयम और साधना का मार्ग अपनाया। ग्यारह वर्षों तक संन्यास जीवन का निर्वहन करते हुए उन्होंने समभाव, करुणा और वैराग्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने उनके जीवन को सामाजिक समरसता, नेतृत्व क्षमता और नैतिक दृढ़ता का प्रतीक बताया। उपस्थित जनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। संचालन निर्मल लोढ़ा ने किया। इस अवसर पर भंवर बोथरा, संजय पांडे, रेखचंद जैन, राज बहादुर सिंह राणा, श्याम सोमानी, पुखराज बोथरा, श्रीनिवास मद्दी, धर्मपाल सैनी, एमए रहीम, शिव नारायण पांडे, महेंद्रकांत संगानी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।





# मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नगरनार





बस्तर जिला कांग्रेस के निर्देश पर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में नगरनार ब्लॉक के माड़पाल कुम्हली, कस्तूरी, आड़ावाल गरावन्डकला व घाटपदमुर, तीतरगांव में धरना प्रदर्शन किया गया।

मौर्य ने कहा केंद्र और राज्य सरकार की मिलीभगत से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम और नियम बदलकर राष्ट्रपिता के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। कांग्रेस इसका विरोध करेगा।

जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर उनके नाम के साथ खिलवाड़ करने और मनरेगा का नाम वी बी राम जी मनरेगा रखने का आरोप लगाया। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि महात्मा गांधी का अपमान है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। सेठिया ने कहा कि मनरेगा योजना से नाम हटाना राष्ट्रपिता के सम्मान पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी गरीब व असहाय लोगों के अधिकारों के लड़ाई से कभी पीछे नही हटेगी।

इस दौरान बलराम कोकड़ु, विजय बिसाई दयाराम कश्यप, लेखन बघेल, प्रणय सील, भोजराज नाग, लक्ष्मण सेठिया, राजेन्द्र बघेल, संजय नाग, विजय सिहं, सुकदेव बाकडा, प्रभु दास नाग, लक्ष्मी नारायण, साइबो बघेल, शिवो, धनुर्जय, शंकर सोहनलाल नायक, रामचंद कश्यप कमल चंद नाग, हरी, धरमदास नाग, तिलक यादव मौजूद रहे।

# स्वच्छता व नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस बकावंड की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम कोलावल के राताखंडी पारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 21 से 27 दिसंबर तक स्वच्छता एवं नशा मुक्ति भारत थीम पर आयोजित हुआ।

- एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

शिविर का शुभारंभ कोलावल की सरपंच पद्मिनी कश्यप एवं पूर्व सरपंच दुर्जन सिंह कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य हेमंत देवांगन एवं कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत देशमुख द्वारा किया गया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा अनेक रचनात्मक एवं जनहितकारी गतिविधियां संचालित की गईं। इनमें स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बाजार स्थलों की साफ-सफाई, घरों एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई, कचरा निपटान, घरों के पास गोबर इकट्ठा न करने की समझाइश तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। साथ ही प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर लोगों को जागरूक किया गया।

नशा मुक्ति अभियान के तहत नाटिका के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल कोलावल में चबूतरा एवं मंच निर्माण, विद्यालय परिसर में स्थित मिनी गार्डन में क्यारियों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त शाला त्यागी बच्चों के घर जाकर पालक संपर्क किया गया तथा बाल विवाह रोकने हेतु ग्रामीणों को समझाइश दी गई।

### मंदिर एवं शाला परिसरों की सफाई

शिविर के दौरान ग्राम पाथरी में स्थित मां पार्वती माता मंदिर परिसर, उच्च प्राथमिक शाला कोलावल एवं प्राथमिक शाला कोलावल के परिसरों की साफ-सफाई की गई। विद्यालय के मुख्य द्वार पर दरवाजा फिट किया गया तथा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला संगठक मौसमी विश्वास द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन अवसर पर जनपद पंचायत बकावंड के उपाध्यक्ष तरुण पांडे उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद सदस्य बैसाखु राम, पूर्व सरपंच सुदर्शन बेसरा, जयराम, तुलसीराम, बुधराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# शहर के वार्डों में सुनी गई मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रधानमंत्री के मन की बात का श्रवण प्रवीर वार्ड में मुख्य अतिथि प्रकाश रावल व शक्ति केंद्र प्रभारी अविनाश गौतम के आतिथ्य में किया गया। ऑपरेशन सिंध, भारत की उपलब्धियों, खेल में भारत की सफलता और स्पेस में भारत की प्रगति के बारे में प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल की चर्चा की। बूथ की बीएलए पार्वती पाटनकर के निवास पर प्रभारी अमर पटेल के देख रेख में किया गया। बूथ के अध्यक्ष गंगोत्री चंद्रवंशी, वीरेंद्र शर्मा एवं संतोष बत्रा और कार्यकर्ता कविता कोर्राम, कुमारी बघेल, रामबती कोर्राम, अनीता पटेल, नीला कसेर, ललिता, झरना कसेर, रामबती, शांति नाग, बदरू नाग, सुभाष, पद्मिनी एवं गंगा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रसंग में हुई रुक्मणी कृष्ण विवाह झांकी**

# माता-पिता के व्यवहार से बच्चों में होते हैं संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



राधा रमन भागवत समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि कथा के लिए समय निकलना चाहिए। पहले कथा दोनों समय सुबह और शाम होता था अब तो केवल एक पहर केवल तीन-चार घंटे की कथा होती है। उसमें भी लोग आधे कथा होने पर आते हैं और कुछ लोग सही समय आते हैं तो वे कथा विश्राम से पूर्व ही चले जाते हैं यह भी उचित नहीं है। एक अधिकारी श्रोता को कथा आरम्भ होने के पूर्व एवं कथा विश्राम होने पर आरती और प्रसाद अवश्य लेकर जाना चाहिए। कथा में अनुशासन का पालन करना चाहिए। कथा, सत्संग में जो समय आप देते हैं वहीं समय का सदुपयोग हैं, भारत में अर्पण समर्पण व तर्पण की परम्परा है। बच्चों में संस्कार माता-पिता के व्यवहार उनके आचरण से ही आता है माता पिता यदि मंदिर जाते हैं तो बच्चे भी मंदिर जाएंगे। माता-पिता धार्मिक होंगे तो बच्चे भी धार्मिक होंगे। इसलिए कहा जाता है माता-पिता का व्यवहार बहुत अच्छा होना चाहिए।

- कथा, सत्संग समय का होता है सदुपयोग

प्रसंग में रुक्मणी कृष्ण विवाह झांकी हुई। इसमें कहा कि गोकुल में जितने भी गोपियां थी वे सभी पूर्व जन्म में कठिन तपस्या किए थे और भगवान की कामना की थी। भगवान ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें द्वापर युग में कृष्ण जन्म में उनकी मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद दिया था।



# ग्राम आसना में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हाई स्कूल प्रांगण आसना में रविवार को हिन्दु सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता वेदमाता गायत्री सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा ने हिन्दु राष्ट्र के निमार्ण में एकजुटता और सनातन धर्म की रक्षा के लिए तन मन धन से समर्पण का आव्हान किया। गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

इस मौके पर समाज प्रमुख, ग्राम पंचायत प्रमुख, ग्राम पुजारी एवं पटेल मौजूद रहे। यह सम्मेलन हिन्दू चेतना, संस्कृति और एकता को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित किया गया। आयोजन समिति के मोहन जोशी ने आभार माना। ग्राम के गिरजा पांडे ने हिन्दु सम्मेलन में सनातन धर्म की रक्षा की बात कही।